# नए युग का सूत्रपात

शनिवार को अयोध्या के विकास की दृष्टि से इतिहास के पन्नों में स्वर्णिम अध्याय जुड़ गया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 15 हजार 709 करोड़ रुपये की योजनाओं का लोकार्पण व शिलान्यास किया। इसमें 12 हजार 405 करोड़ रुपये की परियोजनाओं का लोकार्पण और तीन हजार 304 करोड़ रुपये की परियोजनाओं का शिलान्यास शामिल रहा। इनमें से अकेले 11 हजार 130 करोड़ रुपये की परियोजनाएं अयोध्या से संबंधित है। सबसे बड़े उपहार के तौर पर रहा महर्षि वाल्मीकि अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे का लोकार्पण। अयोध्या से उड़ान भरना यहां के लोगों का सपना था, जो शनिवार को सच हो गया। अब छह जनवरी 2024 से नियमित उड़ानें भी आरंभ हो जाएंगी। प्रधानमंत्री ने अत्याधुनिक सुविधाओं से युक्त अयोध्या धाम रेलवे स्टेशन का भी लोकार्पण किया। बाहर से मंदिर और अंदर से भव्यता का पर्याय है ये रेलवे स्टेशन व एयरपोर्ट।



उद्घाटन के अवसर पर सजकर तैयार अयोध्या स्थित महर्षि वाल्मीकि अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा • जागरण

## महर्षि वाल्मीकि अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा

- 821.34 एकड़ भूमि अधिग्रहीत
- 2,200 मीटर लंबा व 45 मीटर चौड़े रनवे नाइट लैंडिंग लाइट युक्त
- 3,125 मीटर दूसरे व तीसरे चरण में 3750 मीटर लंबा होगा रनवे
- 6,200 वर्ग मीटर में बना मंदिर की भांति टर्मिनल
- 500 यात्रियों की टर्मिनल बिल्डिंग में आवागमन की क्षमता
- 30 हजार वर्ग मीटर क्षेत्रफल में बनेगा दूसरा टर्मिनल
- आठ एयरक्राफ्ट की एक साथ पार्किंग की सुविधा
- 200 वाहनों की पार्किंग की सुविधा
- 1463 करोड़ रुपये परियोजना की कुल स्वीकृति लागत
- 06 जनवरी से कामर्शियल बुकिंग आरंभ

## अयोध्या धाम



- 240 करोड़ रुपये अयोध्या धाम जंक्शन पुनर्विकास पर व्यय धनराशि-
- 422.26 करोड़ रुपये दूसरे चरण के पुनर्विकास के लिए अवमुक्त
- 06 प्लेटफार्म बनेंगे
- 80 अप-डाउन मिलाकर ट्रेनों का आगमन

इन ट्रेनों का उद्घाटन

- दरभंगा-अयोध्या-नई दिल्ली अमृत भारत एक्सप्रेस
- अयोध्या धाम-आनंद विहार वंदे भारत एक्सप्रेस

## लोकार्पित अन्य योजनाएं

- 844.93 -राम पथ
- 68.04 -भक्तिपथ
- 65.40 -धर्म पथ
- 2185 -अयोध्या-जगदीशपुर हाईवे
- 1919 -जौनपुर-अयोध्या-बाराबंकी रेलवे लाइन दोहरीकरण
- 200 -रेल लाइन का विद्युतीकरण
- 245.64- राजर्षि दशरथ मेडिकल कालेज
- 241-अयोध्या रेलवे स्टेशन प्रथम फेज
- 44.98- एनएच-27 बाईपास से रामजन्मभूमि हाईवे
- 74.25 -बड़ी बुआ रेलवे ओवरब्रिज

## परियोजनाओं का शिलान्यास

- 2181 -ग्रीन फील्ड टाउनशिप
- 300 - वशिष्ठ कुंज आवासीय योजना
- 119 -एडीए/नगर निगम कार्यालय
- 297 -एनएच-27 (8 से 121.6 किमी) सुदृढ़ीकरण व सुधार
- 218 -एनएच-27 बाईपास (121.6 से 144.02 किमी)
- 39.4- सरयू के गुप्तारघाट से राजघाट तक नए घाट और सुंदरीकरण
- 23.29- नया घाट से लक्ष्मण घाट तक पर्यटन सुविधाओं का विकास-
- 23.25- दीपोत्सव के लिए गैलरी
- 22.83- राम की पैड़ी, राजघाट, राम मंदिर कारीडोर
- 15.18-चार ऐतिहासिक गेटों का सुंदरीकरण व अन्य कार्य
- 39.4-सिपेट (केंद्रीय पेट्रोकेमिकल्स इंजीनियरिंग एवं तकनीकी संस्थान)

## अन्य जिलों की परियोजनाएं

- 160 -अमेठी की त्रिशुंडी परियोजना
- 327-खुटार-लखीमपुर सेक्शन टू लेन मार्ग एनएच-730 (82-140 किमी)
- 617-टेनरी क्लस्टर जाजमऊ, कानपुर
- 967- एसटीपी 130 एमएलडी जाजमऊ जोन
- 182-रुमा-चकेरी-चांदरी रेलवे लाइन तीन
- 102-सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट उन्नाव
- 2406.45-गोसाईं बाजार में फोरलेन बाईपास (घाघरा ब्रिज टू वाराणसी)

## अन्य रूटों से संबंधित ट्रेनें

- कोयंबटूर-बेंगलुरु सिटी वंदे भारत एक्सप्रेस
- मैंगलोर-मडगांव वंदे भारत एक्सप्रेस
- श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा-नई दिल्ली वंदे भारत एक्सप्रेस
- अमृतसर-दिल्ली वंदे भारत एक्सप्रेस
- जालना-मुंबई सीएसएमटी वंदे भारत एक्सप्रेस
- मालदा टाउन-बेंगलुरु अमृत भारत एक्सप्रेस



(सभी राशि करोड़ में)